# आइस फैक्ट्री में नकली घी व दूध बनाने के कारखाने का पर्दाफाश






भरतपुर NEWS18 RAJASTHAN| JANUARY 5, 2019, 7:51 PM IST

जिला प्रशासन ने नगर कस्बे में शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए नकली देसी घी बनाने के कारखाने का भंडाफोड़ किया. नगर के एसडीएम और तहसीलदार को जानकारी मिली थी कि कस्बे के खोड़की रोड पर स्थित एक आइस फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर नकली घी बनाने का कारोबार होता है. यहां प्रशासन ने छापामार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली देसी घी बरामद किया है. साथ ही दूध बनाने का केमिकल पाउडर और भारी मात्रा में डायजिन सिरप भी बरामद किया है. कार्रवाई की भनक लगते ही फैक्ट्री मालिक फरार हो गया. लेकिन दो कर्मचारियों को हिरासत में लेकर कारखाने को सील कर दिया गया है.

Source: https://hindi.news18.com/videos/rajasthan/bharatpur-raid-in-fake-ghee-and-milk-making-ice-factory-hydsk-1642321.html